टूट न जाये कही सांसों की माला बाबोसा भजन

टूट न जाये कही,
सांसों की माला,
इसको संभालना रे,
चूरू के राजा अपनी,
कृपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा।bd।

अनमोल मोती ये,
बिखर न जाये,
एक बार टूटे फिर,
हाथ न आये,
प्रेम के मोती प्रीत की डोरी,
कभी भी ना तोड़ना रे,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा।bd।

धन दौलत ये,
माल खजाना,
झूठा है बाबा,
सारा जमाना,
छोड़ के आया रिस्ते नाते,
बंधन ये जोड़ना रे,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा।bd।

दिल में बसालु,
तुझे ओ 'दिलबर',
तेरे दर का बनु में चाकर,
जब भी जन्म लू मिले साथ तेरा,
संग ना छोड़ना रे,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

टूट न जाये कही,
सांसों की माला,
इसको संभालना रे,
चूरू के राजा अपनी,
कृपा नजरिया,
भक्तो पे डालना रे,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा,
बाबोसा ओ मेरे बाबोसा।bd।

गायक – पी . गणेश (प्ले बेक सिंगर)
लेखक / प्रेषक – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com